दिल्ली पुलिस समाचार

अंक-117 जुलाई-अगस्त, 2017 पंजी० सं० आर-43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका



दिल्ली पुलिस ने कौशल विकास योजना के अंतर्गत 'युवा' को अपनी प्राथमिकताओं में सम्मिलित किया

- समाज के भटके युवाओं को मुख्य धारा में लाना मुख्य उद्देश्य

पुलिस विभाग द्वारा मिला सम्मान आपको नई ऊर्जा व निष्ठा प्रदान करता है – पुलिस आयुक्त



दिल्ली पुलिस, दिल्ली के नागरिकों को उत्तम सेवा देने के लिए हमेशा प्रयासरत रहती है और अपनी इस सेवा को और ज्यादा प्रभावशाली व सार्थक बनाने के लिए नई–नई योजनाओं का सृजन व जनता के साथ मिलकर उनका क्रियान्वयन करती है। हमारी ये योजनाएँ चाहे **''पुलिस मित्र''** व **''प्रहरी''** के रूप में हों, नए एप्स शुरू करने के रूप में हों, विभिन्न विषयों पर आधारित विज्ञापनों की मदद से जनता को जागरूक करना हो, लाखों स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देना हो या फिर महिलाओं/छात्राओं को निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण देना हो, हमारा सतत् प्रयास रहता है कि हम जनता के साथ सीधा जुड़ें, उनका विश्वास अर्जित करें और अपने काम में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करें।

इसी कड़ी में हमारा नया प्रयास प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत 'युवा कार्यक्रम' के रूप में आपके सामने है, जिसका शुभारंभ केंद्रीय कौशल विकास मंत्री, श्री राजीव प्रताप रूडी व माननीय उप–राज्यपाल दिल्ली, श्री अनिल बैजल की उपस्थिति में 29 अगस्त 2017 को किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के भटके हुए युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें पुलिस परिसरों में खोले गए प्रशिक्षण केंद्रों में सहयोगी विभागों की मदद से विभिन्न श्रेणी में रोजगार परक प्रशिक्षण प्रदान करके समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। यह औसतन देखा गया है कि स्ट्रीट क्राईम में 95 फीसदी ऐसे युवा शामिल होते हैं जो पहली बार अपराध करते हैं। इन्हीं युवाओं को हमें अपराध की ओर उन्मुख होने से बचाना है तथा समाज का उपयोगी अंग बनाना है।

हमें स्वयं को जनता का सेवक और एक प्रहरी के रूप में स्थापित करने के लिए काम करना है। जनता की सेवा के फलस्वरूप हमें जो उनका विश्वास अर्जित होता है वही हमारी सफलता की कुंजी है। मैं, कहना चाहूँगा कि दिल्ली पुलिस एक श्रेष्ठ व अनुशासित संगठन हैं, उसकी समाज में अपनी विशेष प्रतिष्ठा है। राजधानी की पुलिस होने के नाते हम सभी की सीधी निगरानी में रहते हैं। इसीलिए हर पुलिस अधिकारी एवं कर्मी को अपने–अपने दायित्व का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, ईमानदारी व निष्ठा के साथ करना चाहिए और जनता के साथ–साथ अन्य पुलिस बलों के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

किसी भी सभ्य समाज में अपराध केवल अपराध ही होता है, चाहे वह छोटा हो या बड़ा, उसका समाज पर सदैव नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और पुलिस की छवि भी धूमिल होती है। इसीलिए हमारा सदैव यही प्रयास होना चाहिए कि समाज में किसी प्रकार का अपराध घटित न हो। यदि कोई अपराध घटित भी होता है तो हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए कि उस अपराध की वारदात को सुलझाते हुए उसके कर्ताओं को कानून के समक्ष पेश करें। पुलिस द्वारा समय पर की गई कार्यवाही से न केवल जनता में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत होता है बल्कि पीड़ित को न्याय मिलता है और अपराधियों को कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ता है।

राजधानी दिल्ली की अपनी कुछ अलग विशेषताएँ हैं। यहाँ देश के विभिन्न हिस्सों से आए भिन्न–भिन्न समुदायों, वर्गो, धर्मो के नागरिक निवास करते हैं और उन सबकी अपनी अलग–अलग संस्कृति, रीति–रिवाज, भाषा शैली व रहन–सहन होता है। इसीलिए दिल्ली पुलिस का काम बहुत ही संवेदनशील, सूझबूझ भरा व सूचनाप्रद होता है और देश के अन्य भागों में क्या घटित हो रहा है, उसको ध्यान में रख कर किया जाता है। दिल्ली पुलिस का प्रयास रहता है कि राजधानी की पुलिस में सभी राज्यों के युवा/युवतियों का प्रतिनिधित्व हो, जो हर परिस्थिति में सुगमता के साथ दिल्लीवासियों की सेवा कर सके। इसी श्रृंखला में पूर्वोत्तर राज्यों के 299 युवक व 134 युवतियों की भर्ती की गई है और देश के विभिन्न भागों से दिल्ली पुलिस में भर्ती की प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। मुझे खुशी है कि पूर्वोत्तर राज्यों से भर्ती हुई 41 लड़कियों ने आगे बढ़कर कमांडो कोर्स के लिए अपनी सहमति दी। बेसिक प्रशिक्षण के बाद कमांडो प्रशिक्षण ले रही ये महिला पुलिसकर्मी, पुरूष कमांडोज़ की तरह ही आतंकवाद निरोधक टीमों का हिस्सा बनेंगी।

इसके अतिरिक्त दिल्ली पुलिस में आवास के स्तर को बढ़ाने, पदोन्नति की संभावनाएँ बढ़ाने, पुलिसकर्मियों की बीमा राशि बढ़ाने, कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने आदि पर गंभीरता से काम किया जा रहा है। दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति भी पूर्व की भांति अपनी योजनाओं को आगे बढ़ा रही है। अभी पुलिसकर्मियों की 25 प्रतिभावान बालिका खिलाड़ियों का चयन किया गया और उन्हें आगामी ओलम्पिक खेलों के लिए गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समिति ने पुलिसकर्मियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर आयोजित करने के साथ–साथ विभिन्न पुलिस कॉलोनियों में परामर्श सत्र आयोजित किये हैं। इन परामर्श सत्रों के दौरान पुलिसकर्मियों के बच्चों को रोजगार प्राप्ति के लिए वेब डिज़ाइनिंग, ब्यूटी थेरेपिस्ट, हेयर स्टाइल, मेकअप आर्टिस्ट, टेलरिंग, फेशन टेक्नॉलाजी, फार्मा सहायक, सहायक सोफ्टवेयर इंजीनियरिंग में रोजगार प्राप्ति के लिए निःशुल्क परामर्श दिया गया। पुलिस प्रशासन एवं दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति पुलिसकर्मियों के कल्याणार्थ हर संभव प्रयासरत है।

71वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मैं, समस्त दिल्ली पुलिस परिवार को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ, विशेषकर इस वर्ष पुलिस पदक से सम्मानित अपने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को। आपको मिला यह सम्मान आपको और अधिक उर्जा व निष्ठा के साथ काम करने के लिए प्रेरित करेगा। इसके साथ ही जुलाई–अगस्त माह के दौरान विभिन्न पदों पर हुई लगभग 750 पदोन्नतियों तथा सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों को मिले पुरस्कारों से मुझे उम्मीद है कि आपका समाज व परिवार में सम्मान बढ़ेगा और कर्तव्यपालन में भी नई ऊर्जा का संचार होगा। पिछले दिनों दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में आयोजित कांवड यात्रा, अमरनाथ की पवित्र यात्रा पर हमले के बाद उत्पन्न हुई स्थिति से निपटने में, स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तथा जन्माष्टमी के पावन पर्व पर किये गये मजबूत व सफल सुरक्षा प्रबंधों की भी हृदय से प्रशंसा करता हूँ। पिछले दिनों दिल्ली पुलिस ने कई चर्चित, संवेदनशील और संगीन वारदातों को सुलझाने, उनमें संलिप्त अपराधियों को धर–दबोचने, कई खूंखार व ईनामी बदमाशों को गिरफ्तार करने तथा भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद करने में भारी सफलता अर्जित की है। इसके साथ ही दिल्ली शहर में साम्प्रदायिक सद्भावना और समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने में भी आप सबने अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। यह सब आपकी टीम भावना, कर्तव्य के प्रति निष्ठा और पेशेवर निपुणता को दर्शाता है, जिसके लिए आप सब बधाई के पात्र हैं।

प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवा कार्यक्रम का शुभारंभ




कौशल विकास योजना के तहत युवा कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए
मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहमंत्री माननीय श्री राजनाथ सिंह एवं पुलिस आयुक्त, श्री अमूल्य पटनायक



केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह

29 अगस्त, 2017 को विज्ञान भवन के सभागार में दिल्ली पुलिस द्वारा नेशनल स्किल डेवलेपमेंट कॉरपोरेशन (NCDC) और कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया इंडस्ट्रीज (CII) के साथ मिलकर शुरू किये (युवा) कार्यक्रम का माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह ने उद्घाटन किया इस अवसर पर माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल, केन्द्रीय कौशल विकास मंत्री श्री राजीव प्रताप रूडी, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, CII के चेयरमैन श्री राहुल चौधरी, केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता के संयुक्त सचिव श्री राजेश अग्रवाल, NCDC के सीईओ श्री मनीष कुमार, विशेष पुलिस आयुक्त श्री संजय बेनीवाल मंच पर उपस्थित थे। इसके अलावा सभागार में दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, जवानों के साथ–साथ इस युवा योजना के तहत चयनित किए गए 2000 से ज्यादा युवा मौजूद थे। इस मौके पर केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली पुलिस की इस महत्वकांक्षी योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि भटके हुए युवाओं को सही रास्ते पर लाकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में शामिल करना निःसंदेह दिल्ली पुलिस का सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि यदि युवाओं की प्रतिभा व क्षमता को सही दिशा व मार्गदर्शन मिले तो निश्चय ही वह प्रतिभा समाज व स्वयं के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगी। ऐसे युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देना छोटा काम नहीं है। दिल्ली पुलिस समाज के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाह कर रही है। पुलिस की ऐसी योजनाओं से ही नागरिकों में पुलिस की सम्मानजनक छवि मजबूत हो रही है। उप राज्यपाल श्री अनिल बैजल ने कहा कि युवा कौशल विकास योजना के तहत दिल्ली पुलिस द्वारा शुरू किया गया युवा कार्यक्रम निश्चित तौर पर युवाओं को नई दिशा देने में सफल होगा। इससे न केवल युवा अपराध से विमुख होगा बल्कि दिल्ली पुलिस की छवि भी लोगों के बीच और बेहतर होगी।



उप राज्यपाल श्री अनिल बैजल



कौशल विकास योजना मंत्री
श्री राजीव प्रताप रूडी

केन्द्रीय कौशल विकास मंत्री श्री राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि माननीय प्रधान मंत्री की कौशल विकास योजना ऐसे युवाओं के लिए संजीवनी साबित हो रही है जो प्रतिभावान है किंतु अभावग्रस्त हैं, साधन वंचित हैं, छोटे–मोटे अपराधों में संलिप्त हैं या आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ चुके हैं। दिल्ली पुलिस की यह योजना ऐसे युवाओं के लिए कारगर साबित होगी। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने मुख्य अतिथि एवं अन्य आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस कौशल विकास योजना के तहत भटके युवाओं को मुख्य धारा में शामिल करने के प्रति गंभीर है। श्री अमूल्य पटनायक ने कह कि युवा हित से जुड़े इस कार्यक्रम को क्रियान्वित करने में विशेष पुलिस आयुक्त श्री संजय बेनीवाल, उपायुक्त पुलिस श्री मधुर वर्मा एवं उनकी टीम ने अहम् भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट क्राईम में 95 फीसदी ऐसे युवा शामिल होते हैं जो पहली बार अपराध करते हैं। दिल्ली पुलिस ने फिलहाल 2269 ऐसे युवाओं को चयनित किया है, जिन्हें थानों व पुलिस परिसरों में खोले गए 36 प्रशिक्षण केन्द्रों में विभिन्न श्रेणी के रोजगार प्रशिक्षण दिए जाऐंगे। दिल्ली पुलिस द्वारा सहयोगी विभागों की मदद से दिए गए इस प्रशिक्षण से लगभग 70 प्रतिशत युवाओं को रोजगार दिलाने में सफलता मिलेगी।



पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



कौशल विकास योजना के अंतर्गत आयोजित 'युवा कार्यक्रम' में अग्रणीय भूमिका निभाने वाले युवाओं
को सम्मानित करते हुए माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री एवं अन्य अति विशिष्ट अतिथिगण

पासिंग आउट परेड के दौरान महामहिम उपराज्यपाल व पुलिस आयुक्त ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित किया



परेड का निरीक्षण करते हुए मुख्य अतिथि उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल

18 जुलाई, 2017 को पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज, झाड़ौदा कलां में एक पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया जिसमें 14 प्रशिक्षु दानिप्स (DANIPS) अधिकारी, 45 एसआई (32 महिला एसआई सहित), 48 कांस्टेबल दिल्ली पुलिस तथा दिल्ली जेल के 232 हैडकांस्टेबल/वायरलैस ऑपरेटर, 5 अस्टिेंट सुप्रीटेंडेंट व 27 वार्डर/मैटर्न ने शपथ ग्रहण की। समारोह के मुख्य अतिथि महामहिम उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल ने परेड की सलामी ली और प्रशिक्षुओं को सम्बोधित किया। इस मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त, श्री अजय कश्यप, श्री एस.नित्यानंदम, श्री बालाजी श्रीवास्तव, श्री आर.एस.कृष्णैया, डॉ. विवेक गोगिया, प्रधानाचार्य पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज श्री परमादित्य, प्रशिक्षण कॉलेज के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा पास आउट होने वाले प्रशिक्षणार्थियों के परिजन उपस्थित थे।

पासिंग आउट परेड़ के मुख्य अतिथि माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओं और कमज़ोर वर्गो के लोगों के अधिकारों और हितों की रक्षा करें और समयानुसार तकनीक में उन्नति व पेशेवर कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। दिल्ली पुलिस की प्रशंसा करते हुए श्री अनिल बैजल ने कहा कि दिल्ली पुलिस हर चुनौती का सामना करने और दिल्लीवासियों को आतंकवाद से सुरक्षित माहौल देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी एक सेवा है और यह तभी संभव है जब किसी व्यक्ति में सेवा की भावना हो। इसलिए मेहनत, निष्ठा और निःस्वार्थ भाव से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। इस मौके पर पुलिस आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान कानून, पुलिस विज्ञान, साइबर क्राइम, मानव अधिकार, अपराध विज्ञान जैसे विषयों के साथ–साथ लैंगिक पूर्वाग्रह, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा एवं अधिकारों के बारे में गहन जानकारी दी गई। उन्होंने प्रशिक्षण के प्रभावों को बढ़ाने, नई तकनीक में पारंगत होने, शारीरिक व मानसिक तौर पर दुरूस्त रहने पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम के दौरान उपराज्यपाल महोदय एवं पुलिस आयुक्त ने सर्वोत्तम प्रशिक्षणार्थियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया।



परेड में श्रेष्ठ रहे प्रशिक्षणार्थी को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि



परेड में प्रथम आये प्रशिक्षु कांस्टेबल को ट्राफी प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि एवं पुलिस आयुक्त



समारोह के मुख्य अतिथि, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं सर्व श्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थियों का सामूहिक चित्र

महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित हुए उनके व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी श्री हरीश एच.पी. अति. उपायुक्त पुलिस, राष्ट्रपति भवन

20 जुलाई, 2017 को तत्कालीन महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी ने राष्ट्रपति भवन में तैनात अपने P.S.O श्री हरीश एच.पी, अति. उपायुक्त पुलिस के Junior Administration Grade-II Scale में पदोन्नत होने पर अपने हाथों से बैज लगाकर सम्मानित किया। फरवरी 2016 से तत्कालीन महामहिम के व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी रहे श्री हरीश एच.पी जुलाई 2017 में JAG Grade-II पद पर पदोन्नत हुए थे। 20 जुलाई, 2017 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में महामहिम के हाथों बैज लगवाने का गौरव प्राप्त करने वाले श्री हरीश एच.पी. के लिए यह पल अविस्मरणीय रहेगा। राष्ट्रपति भवन की संयुक्त पुलिस आयुक्त, श्रीमती शालिनी सिंह एवं उपायुक्त पुलिस, श्री राकेश पावरिया भी इस यादगार लम्हें के साक्षी बने।



श्री हरीश एच.पी. को बैज लगाकर सम्मानित हुए तत्कालीन महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी व सं.पु. आयुक्त श्रीमती शालिनी सिंह

इंस्पेक्टर नरेन्द्र त्यागी की पुस्तक ''प्रकाश की ओर'' को तत्कालीन महामहिम राष्ट्रपति सहित कई प्रमुख हस्तियों ने सराहा



महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी के साथ इंस्पेक्टर नरेन्द्र त्यागी अपनी पुस्तक 'प्रकाश की ओर' भेंट करने के दौरान

राष्ट्रपति भवन में तैनात इंस्पेक्टर नरेन्द्र त्यागी की पुस्तक ''प्रकाश की ओर'' को तत्कालीन **महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित अन्य कई प्रमुख हस्तियों ने भी सराहा है। लेखन प्रतिभा के धनी इंस्पेक्टर नरेन्द्र ने अपनी इस पुस्तक में सामाजिक मूल्यों पर आधारित कई पहलुओं के मर्म को छुआ है। उन्होंने अपनी इस पुस्तक में तनाव और आत्महत्या की प्रवृति के बारे में विस्तार से उल्लेख किया है। उन्होंने लिखा है कि आजकल पढ़े–लिखे लोगों में, यहाँ तक की अनुशासित सुरक्षा बलों में सेवारत कर्मियों में आत्महत्या की प्रवृति गंभीर चिंता का विषय है। तनाव एवं आत्महत्या के कारणों और उनके समाधान के बारे में जिक्र करते हुए उन्होंने संसार की श्रेष्ठ कृति मानव जीवन को समझने और उसका आनंद उठाने के लिए प्रेरित किया है। इंस्पेक्टर नरेन्द्र त्यागी द्वारा विभिन्न मुद्दों और सामाजिक समस्याओं पर आधारित कविताएँ अक्सर पत्र–पत्रिकों में प्रकाशित होती रहती है। इंस्पेक्टर नरेन्द्र त्यागी ने अपनी पुस्तक की एक प्रति महामहिम राष्ट्रपति **श्री प्रणव मुखर्जी** को सादर भेंट की। पुस्तक की प्रंशसा करते हुए तत्कालीन महामहिम ने कहा कि एक पुलिस अफसर की ऐसी लेखन प्रतिभा देखकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई।

पुलिस आयुक्त ने पुलिस मुख्यालय प्रांगण में राष्ट्र ध्वज फहराया





पुलिस मुख्यालय प्रांगण में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त

15 अगस्त, 2017 की प्रातः **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पुलिस मुख्यालय प्रांगण में तिरंगा फहराया और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्बोधित किया। इस मौके पर पुलिस आयुक्त ने उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को 71वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी और स्वतंत्रता दिवस के मौके पर किये गये पुख्ता सुरक्षा प्रबंधों की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि दिल्ली पुलिस देश का नहीं अपितु विश्व का सर्वश्रेष्ठ पुलिस बल हैं। यह सब आपकी कर्मठता, कर्तव्यपरायणता, पेशेवर निपुणता और योग्यता का ही प्रतिफल हैं। श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि पुलिसकर्मियों को मिलने वाली पदोन्नतियों का सिलसिला पूर्व की भांति चलता रहेगा और इस संबंध में पुलिस प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास जारी रहेगा।

अप्रैल व मई माह में ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की कर्तव्यनिष्ठा और अच्छी सूझबूझ का परिचय देने वाले 12 सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों को पुलिस आयुक्त ने प्रोत्साहित किया


कां. मनोज कुमार (दिल्ली का सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबल)


हैड कां. शहजाद


कां. पंकज शर्मा


कां. अरविन्द मलिक


हैड कां. यशपाल सिंह

ड्यूटी के दौरान अच्छी सूझबूझ और कर्तव्यनिष्ठा दिखाने वाले बीट कांस्टेबलों में से सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों का चयन कर उन्हें पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित किया जाता है। इसी श्रृखंला में अप्रैल व मई माह के दौरान उच्च कोटि की कर्तव्यनिष्ठा व अच्छी सूझबूझ दिखाने वाले 12 सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने 14 जुलाई, 2017 व 4 अगस्त, 2017 को कान्फ्रेंस हॉल पुलिस मुख्यालय में नकद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। **अप्रैल माह के लिए सम्मानित होने वाले सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों में शामिल हैं**:– कां0 मनोज कुमार (थाना साउथ कैम्पस–दक्षिण–पूर्वी परिक्षेत्र) को दिल्ली का सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबल घोषित करते हुए दस हजार रुपये नकद व प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य है कि इनका नाम अलग से असाधारण कार्य पुरस्कार के लिए भी भेजा गया है। इसके अलावा कां0 पंकज शर्मा को 8 हजार रुपये नगद व प्रशंसा पत्र (थाना द्वारका दक्षिण, दक्षिण–पश्चिमी परिक्षेत्र), हैडकां0 सज्जाद अली को 8 हजार रुपये नगद व प्रशंसा पत्र (थाना कनॉट प्लेस – नई दिल्ली परिक्षेत्र), कां0 अरविंद मलिक को 8 हजार रुपये नगद व प्रशंसा पत्र (थाना जगत पुरी पूर्वी परिक्षेत्र), हैडकां0 यशपाल को 8 हजार रुपये नगद व प्रशंसा पत्र (थाना बेगमपुर, उत्तरी परिक्षेत्र) तथा कां0 प्रवीन कुमार को 8 हजार रुपये नगद व प्रशंसा पत्र (थाना बुराडी, मध्य परिक्षेत्र) को प्रदान किया गया। **मई, 2017 के लिए सम्मानित होने वाले सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबल** :– हैडकां0 राजेन्द्र सिंह (थाना मियांवाली नगर, दक्षिण–पश्चिमी परिक्षेत्र) को दिल्ली का सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबल घोषित करते हुए 10 हजार रूपये नगद व प्रशंसाा पत्र से सम्मानित किया गया। हैडकां0 संजीव नागर (थाना हरजत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली परिक्षेत्र), कां0 प्रवीण कुमार (थाना कालकाजी दक्षिण–पूर्वी परिक्षेत्र), कां0 राजीव (थाना एम.एस. पार्क– पूर्वी परिक्षेत्र), कां0 सोनू शर्मा (थाना स्वरूप नगर–उत्तरी परिक्षेत्र) तथा कां0 प्रदीप हुड्डा (थाना पहाड़गंज–मध्य परिक्षेत्र) को 8–8 हजार रुपये नगद व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।


हैड कां. राजेन्द्र


हैड कां. संजय नागर


कां. प्रदीप हुडडा


कां. राजीव कुमार


कां. प्रवीण कुमार


कां. सोनू शर्मा

71वें स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली पुलिस के 27 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी पुलिस पदक से सम्मानित

दिल्ली पुलिस परिवार गौरवान्वित है अपने उन 27 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों पर जिन्हें इस वर्ष 71वें स्वतंत्रता दिवस पर उनकी वीरता के लिए, विशिष्ठ सेवाओं के लिए और सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। इनमें एक पुलिस अधिकारी को वीरता के लिए, 2 पुलिस अधिकारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए और 24 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सरहानीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। सभी पुलिस पदक विजेताओं को पुलिस परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बहुत–बहुत बधाई।



किसी भी राष्ट्र, बल एवं संगठन का ध्वज उसके अस्तित्व एवं प्रतिष्ठा का द्योतक होता है। इसलिए हमें सदैव अपने राष्ट्रीय ध्वज एवं पुलिस ध्वज का अपनी जान से बढ़कर सम्मान व रक्षा करनी चाहिए।



वीरता के लिए



श्री एस.के. गिरि
सेवानिवृत्त अति.उपा.पुलिस

विशिष्ठ सेवाओं के लिए



श्री रोबिन हिबू
संयुक्त पुलिस आयुक्त



श्री सुरेश चन्द त्यागी
सहायक पुलिस आयुक्त

सराहनीय सेवाओं के लिए



श्री संग नोरबू मोसोबी
अतिरिक्त आयुक्त पुलिस



डॉ. अशोक कुमार मलिक
उपायुक्त पुलिस



श्री धीरज कुमार
उपायुक्त पुलिस



श्री प्रमोद कुमार कुशवाह
उपायुक्त पुलिस



श्री बैनजामिन कुजूर
सहा. आयुक्त पुलिस



श्री शिव कुमार
सहा. आयुक्त पुलिस



श्री अब्दुल वाहिद
निरीक्षक



श्रीमती निर्मल
निरीक्षक



श्रीमती सुशीला कुमारी
निरीक्षक



श्री जेम्स कुजूर
उप निरीक्षक



श्री धनीराम
स.उ.नि.



श्री विजयपाल सिंह
स.उ.नि.



श्रीमती कुसम लता
स.उ.नि.



श्री महेन्द्र सिंह
स.उ.नि.



श्री सुन्दर पाल
स.उ.नि.



श्री विक्रम दत
स.उ.नि.



श्री ईश्वर सिंह
स.उ.नि.



श्री राजबीर सिंह
स.उ.नि.



श्रीमती नीरू रानी
स.उ.नि.



श्रीमती चंचल बाला
स.उ.नि.



श्रीमती हेमा पंत
प्रधान सिपाही



श्री महीपाल सिंह
प्रधान सिपाही



श्री धर्मपाल
प्रधान सिपाही



श्री जयभगवान
प्रधान सिपाही

फोटो : रोजस जोसफ

पुलिस आयुक्त ने किया जनकपुरी पुलिस कॉम्पलेक्स व स्टाफ क्वार्टर्स का उद्घाटन



उपायुक्त पुलिस कार्यालय एवं आवासीय क्वार्टरों का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त


पुलिसकर्मियों के आवास हेतु नवनिर्मित पुलिस क्वार्टर

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 28 जुलाई, 2017 को जनकपुरी में नए पुलिस कॉम्प्लेक्स और स्टाफ क्वार्टर्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, श्री टी.एन.मोहन, श्री एस.बी.के.सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.पी. उपाध्याय, श्री ए.के.सिंह, श्री सतीश गोलचा, उपायुक्त पुलिस श्री विजय कुमार,** जिले के पुलिसकर्मी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा पुलिस मित्र उपस्थित थे। इस अवसरे पर पुलिस आयुक्त ने पुलिस परिसर व स्टाफ क्वार्टर्स की गुणवत्ता, डिज़ाइनिग और भव्यता की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्याप्त जगह और अच्छा माहौल मिलने से पुलिस की कार्यप्रणाली में काफी निखार आ जाता है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा उपस्थित रहना चाहिए ताकि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत हो और वें अपनी दिक्कतों को भी साझा कर सके। इस नए परिसर में बहुउपयोगी हॉल के साथ–साथ अनेक आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया गया है। परिसर में योगाभ्यास कक्ष, जिम, सिक्योरिटी कक्ष, जल संचयन, आर.ओ.सीसीटीवी कैमरे व कैन्टीन जैसी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध करवाई गई है।


उपायुक्त पुलिस कार्यालय की नवनिर्मित बिल्डिंग

AXIS BANK पुलिसकर्मियों के लिए एक्सिस बैंक की एक और कल्याणकारी पहल

एक्सिस बैंक के पदाधिकारियों ने पुलिस मुख्यालय को लिखे एक पत्र में दिल्ली पुलिस द्वारा लगातार एक्सिस बैंक की सेवाएँ लेते रहने पर दिल्ली पुलिस का आभार व्यक्त किया है। एक्सिस बैंक ने पुलिस मुख्यालय को लिखे अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ हुई बैठक में निर्णय लेकर बैंक द्वारा दिल्ली पुलिसकर्मियों को दी जा रही मौजूदा सुविधाओं में ओर भी बढ़ोत्तरी की गई है।

व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु बीमा : व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु बीमा की राशि को 25 लाख से बढ़ाकर 30 लाख रुपये किया गया है। व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु बीमा में पहले पीड़ित द्वारा डेबिट कार्ड से खरीदारी करने की शर्त रखी गई थी, परंतु अब इस शर्त को भी हटा दिया गया है।

इसके अतिरिक्त प्रत्येक खाताधारी पुलिसकर्मी का हर प्रकार के जोखिम के लिए 5 लाख रुपये का बीमा कवर भी है।

हवाई दुर्घटना मृत्यु बीमा : हवाई दुर्घटना में होने वाली मृत्यु बीमा राशि एक करोड़ रुपये कर दी गई है। (यदि हवाई जहाज का टिकट एक्सिस बैंक के डेबिट कार्ड से खरीदा गया है तो)

आंशिक विकलांगता लाभ : आंशिक विकलांगता लाभ की राशि 5 लाख रुपये तक कर दी गई है। (बीमा कंपनी के नियम व शर्तो के अनुसार)।

पूर्ण विकलांगता लाभ की राशि: किसी भी पुलिसकर्मी के पूर्णरूप से विकलांग होने पर एक्सिस बैंक द्वारा 30 लाख रुपये तक की मदद मुहैया कराई जाएगी। (व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा के नियम व शर्तो के अनुसार)।



प्रशिक्षु दानिप्स अधिकारियों की पुलिस आयुक्त से शिष्टाचार भेंट

5 जुलाई, 2017 को प्रशिक्षु दानिप्स अधिकारियों ने पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर दानिप्स अधिकारियों ने पुलिस आयुक्त को एक स्मृतिचिन्ह् भेंट किया और पुलिस आयुक्त महोदय से सफल कैरियर के लिए शुभकामनाएँ प्राप्त की।

हमारी आचार संहिता

हमारा काम अपराध तथा अव्यवस्था की रोकथाम करना है। हमारी कार्यकुशलता इस बात में नहीं है कि हम अपराध एवं अव्यवस्था से निपटते दिखाई दें, बल्कि इस बात में है कि अपराध व अव्यवस्था को होने ही न दिया जाए। यही हमारी कार्यकुशलता की सच्ची पहचान है।

ऑन लाइन होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए जनहित में एक ओर वेबसाइट www.cybercelldelhi.in का पुलिस आयुक्त द्वारा उद्घाटन



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के डिजिटल इंडिया के सपने को साकार बनाने हेतु दिल्ली पुलिस भी नित् नई इजाद हो रही तकनीक को अपनी कार्यशैली में शामिल कर रही है। इसी श्रृंखला में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की साइबर सेल ने ऑन लाइन होने वाले अपराधों से निपटने के लिए www.cybercelldelhi.in की शरूआत की है। इस वेबसाइट पर साइबर अपराध से जुड़ी जानकारी एवं उनसे बचने के उपाय उपलब्ध हैं। 26 जुलाई, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने एनडीएमसी के कन्वेंशन सेंटर में इस अधिकारिक वेबसाइट का उद्घाटन किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, श्री एस.बी.के. सिंह, श्री बालाजी श्रीवास्तव, श्री दीपेन्द्र पाठक** व **संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री अरूण कंपानी** मंच पर उपस्थित थे। इसके अलावा भारी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जवान तथा दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के करीब 200 कंप्यूटर टीचर भी उपस्थित थे। इस मौके पर पुलिस आयुक्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए उन्नत प्रोद्योगिकी का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया जाना चाहिए और इस समस्या से लड़ने के लिए पुलिस, मीडिया, स्कूल, सिविल सोसाइटी तथा नागरिकों को सामूहिक रूप से अपनी–अपनी भागीदारी को ईमानदारी से निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल ऑनलाइन धोखाधड़ी, जालसाजी, सोशल मीडिया क्राइम, फोन क्राइम, डाटा चोरी जैसे अपराधों की संख्या बढ़ती जा रही हैं। साइबर सेल द्वारा शुरू की गई इस वेबसाइट की प्रशंसा करते हुए पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि इस वेबसाइट की मदद से ऐसे अपराधों से निपटने, उससे बचने के उपायों के साथ–साथ लोगों को जागरूक करने में भी काफी मदद मिलेगी। इस मौके पर विशेष



साईबर सेल वेबसाइट का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त



वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कम्प्यूटर अध्यापक साईबर अपराध की रोकथाम के बारे में जानकारी लेते हुए

पुलिस आयुक्त, श्री बालाजी श्रीवास्तव ने यह अच्छी तरह समझाया कि किस–किस तरह के साइबर अपराध होते हैं, साइबर अपराध का शिकार होने पर क्या करना चाहिए और किस तरह से इस वेबसाइट की मदद से पुलिस की मदद ली जा सकती हैं तथा साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए कौन से दस्तावेज होने चाहिए।

पुलिस मुख्यालय में इंटर स्टेट कोऑर्डिनेशन मीटिंग आयोजित



इंटर स्टेट कोऑर्डिनेशन मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए पुलिस आयुक्त

4 अगस्त, 2017 को पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय कांफ्रेंस हॉल में इंटर स्टेट कोऑर्डिनेशन मीटिंग सम्पन्न हुई। इस मीटिंग में अधिकांश पड़ोसी राज्यों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। मीटिंग के दौरान राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस एवं धार्मिक पर्वों से जुड़े सुरक्षा प्रबंधों पर विस्तार से विचार विमर्श हुआ। पुलिस आयुक्त महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से आह्वान किया कि परस्पर अपराध एवं आतंकवाद से सम्बंधित सूचनाओं का आदान–प्रदान तत्परता से करें।

पुलिस आयुक्त ने अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के उपायुक्त पुलिस कार्यालय एवं पुलिस स्टेशन की हाईटेक बिल्डिंग का उद्घाटन किया

21 जुलाई, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने आईजीआई एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के उपायुक्त पुलिस कार्यालय एवं पुलिस स्टेशन की हाईटेक बिल्डिंग का उद्घाटन किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.बी.के.सिंह, श्री संजय बेनीवाल, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री ए.के. सिंह, श्री डेविड लालरिनसांगा, उपायुक्त पुलिस श्री संजय भाटिया** बिल्डिंग निर्माण करने वाली एजेंसी एनबीसीसी के सीजीएम श्री राकेश गुप्ता, डायल के सीईओ श्री आई.पी.राव एवं भारी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। इससे पहले आईजीआई एयरपोर्ट थाना टर्मिनल 2 के निकट और उपायुक्त पुलिस कार्यालय मेहराम नगर इलाके में स्थित था। नई बिल्डिंग का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि आईजीआई एयरपोर्ट सुरक्षा की दृष्टि से काफी संवेदनशील हैं। यहां काफी संख्या में देशी–विदेशी यात्रियों व पर्यटकों का आवागमन होने के साथ–साथ वीवीआईपी/वीआईपी मूवमेंट भी होती रहती हैं। इसी को मद्देनजर रखते



आईजीआई एयरपोर्ट पर उपायुक्त पुलिस कार्यालय एवं थाने की नई बिल्डिंग का निरीक्षण कर लौटते हुए पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी



आईजीआई एयरपोर्ट पर उपायुक्त पुलिस कार्यालय एवं थाने की बिल्डिंग का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त

हुए इस नई बिल्डिंग में तमाम आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। विशेष पुलिस आयुक्त श्री संजय बेनिवाल ने कहा कि नई बिल्डिंग में मौजूद सुविधाओं से पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और वे अधिक तन्मयता से अपना काम कर सकेंगे। उपायुक्त पुलिस श्री संजय भाटिया ने बताया कि आधुनिक सुख–सुविधाओं से सम्पन्न इस नई बिल्डिंग के बेसमेंट में पार्किंग, एयरकूलिंग, 24 घंटे बिजली, ठंडे–गर्म पानी के लिए सौर उर्जा, जॉच अधिकारियों के लिए आईओ रूम, हाई स्पीड इंटरनेट, कंम्प्यूटर और सेंट्रलाइज्ड प्रिंटर, पुलिसकर्मियों के डायनिंग स्पेस व मेस आदि की व्यवस्था की गई हैं। इसके अलावा आगुतंकों के लिए चाय–कॉफी की मशीन लगाने के साथ–साथ बच्चों के लिए अलग से एक कक्ष बनाया गया है और उस कक्ष की दीवारों को भी रंगबिरंगा बनाया गया ताकि बच्चों को यहां पर घर का आभास हो। इस भूतल सहित चार मंजिला हाईटेक बिल्डिंग को तैयार करने में लगभग 20.94 करोड़ रुपये की लागत आई है।

पुलिस आयुक्त द्वारा पुलिस मित्रों का सम्मान



अलंकरण समारोह में पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी


पुलिस मित्रों को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त


पुलिस मित्रों को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी

29 जुलाई, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने सिरीफोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम **''पुलिस मित्र अलंकरण समारोह''** में पुलिस मित्रों को सम्मानित किया और अपने साथी पुलिसकर्मियों को सचेत रहने को कहा। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, श्री दीपेन्द्र पाठक, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री वीरेन्द्र चहल, श्री आर.पी. उपाध्याय, श्री रवीन्द्र यादव, श्री सतीश गोलचा, श्री राजेश खुराना, श्री अजय चौधरी, उपायुक्त पुलिस श्री ईश्वर सिंह, श्री रोमिल बानिया** तथा विभिन्न जिलों से आए लगभग 2000 पुलिस मित्र उपस्थित थे। इस अवसर पर 26 पुलिस मित्रों को सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि चूंकि पुलिस की भी अपनी सीमाएँ हैं और वह हर जगह पर मौजूद नहीं रह सकती है, ऐसे में पुलिस मित्र अपराधों की रोकथाम करने व सुरक्षा व्यवस्था कायम करने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पुलिस मित्र एक सामान्य नागरिक होते हुए भी पुलिस की काफी मदद करने के साथ–साथ दिल्ली पुलिस द्वारा जनहित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित करने में मदद कर सकते हैं। इसके साथ ही पुलिस आयुक्त ने पुलिस मित्रों और आर.डब्लू.ए. के पदाधिकारियों का आह्वान किया कि आने वाले राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर कोई अप्रिय वारदात न हो इसके लिए आप सभी सजग रहें और पुलिस के साथ मिलकर काम करें। साथ ही उन्होंने कहा कि आप पेट्रोलिंग और विजिबिलिटी पर विशेष जोर दें। **संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.पी. उपाध्याय** ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से पुलिस मित्रों को उनके कर्तव्यों के बारे जागरूक किया।

आतंकी मंसूबों को ध्वस्त करने व नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से 14 और ''पराक्रम पीसीआर वैन'' तैनात की गई।

राजधानी दिल्ली की लाईफलाइन और दिल्ली पुलिस की रीढ़ कहे जाने वाली पीसीआर जो चौबीसों घंटे और सातों दिन दिल्ली के नागरिकों की सेवा के लिए तत्पर रहती है, उसे समय समय पर आधुनिक तकनीक से अपडेट किया जाता है। इसी दिशा में 26 मई, 2017 को 10 पीसीआर वैन को अपग्रेड करते हुए उन्हें पराक्रम वैन में परिवर्तित कर 10 चिन्हित संवेदनशील एवं ऐतिहासिक स्थानों पर तैनात किया गया था। इसी श्रृखंला के द्वितीय चरण में 11 अगस्त, 2017 को विशेष पुलिस आयुक्त (परिचालन एवं मुख्य पुलिस प्रवक्ता) श्री दीपेन्द्र पाठक ने लालकिला से 14 पराक्रम पीसीआर वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री रोबिन हिबू, उपायुक्त पुलिस श्रीमती मोनिका भारद्वाज, उपायुक्त पुलिस श्री जतिन नरवाल भी उपस्थित थे। इन 14 नई पराक्रम पीसीआर वैन को उच्चतम न्यायालय, सरदार पटेल मार्ग, डिप्लोमेटिक एरिया, दिल्ली उच्च न्यायालय, खान मार्केट, पार्लियामैंट हाउस, इंडिया गेट, एलजी हाउस, सरोजनी नगर मार्केट, लाजपत नगर मार्केट, अकबर रोड, नेताजी सुभाष प्लेस तथा 2 पराक्रम वैन को आपात्त स्थिति के लिए रिजर्व रखा गया है। प्रत्येक पराक्रम पीसीआर वैन में चालक सहित सभी कमांडो हैं (चाहे महिला हों या पुरूष)। पराक्रम पीसीआर वैन पर तैनात कमांडो को ऐसी एक्सेसरी/अतिरिक्त वस्तुएं दी गई हैं जो सुविधाजनक तो हैं ही, आतंकवादियों से निपटने में भी मददगार है। पिछले दिनों कुछ पश्चिमी देशों मे हुए आतंकी हमलो को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने संवेदनशील इलाकों की सुरक्षा को मजबूत करते हुए पराक्रम पीसीआर वैन को एके–47 व एमपी–5, नी पैड, एंटी बैलेस्टिक गॉगल, हाफ ग्लब्स, पेपर स्प्रे, टीजर जैसे उपकरणों से लैस किया है। हर पराक्रम पीसीआर वैन में जीपीआरएस सिस्टम लगा हुआ है जो सीधा पुलिस मुख्यालय से जुड़ा हुआ है।



पराक्रम पीसीआर वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए विशेष पुलिस आयुक्त श्री दीपेन्द्र पाठक



पराक्रम पीसीआर वैन एवं उन पर तैनात कमांडोज़

महिला सिपाही छैवले थैले की जांबाजी अन्य महिला पुलिसकर्मियों के लिए अनुकरणीय साबित होगी।

कहते हैं सपने आसानी से साकार नहीं होते बल्कि सपने साकार करने के लिए कड़ी मेहनत, लगन व उत्साह के साथ काम करना पड़ता है। अपनी उसी कड़ी मेहनत, लगन और जोश के कारण 28 अप्रैल, 2017 को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री किरण रिजिजू के कर कमलों से ''बेस्ट कैडेट'' की ट्राफी प्राप्त करने वाली नागालैंड की रहने वाली महिला कां. छैवले थैले दिल्ली पुलिस की महिला पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणादायक साबित होंगी। अपनी बेसिक ट्रैनिंग के बाद तीन माह के विशेष कमांडो कोर्स करने वाली थैले राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाज है। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने परामर्श दिया था कि दिल्ली पुलिस के विज्ञापनों में दिल्ली पुलिस के ही किसी सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबल या कमांडो की फोटो का प्रयोग करना चाहिए। चूंकि आकर्षक व्यक्तित्व की धनी सिपाही छैवले थैले को अपने बैच में सर्वश्रेष्ठ महिला कैडेट घोषित किया गया था इसीलिए उसके फोटो को दिल्ली पुलिस के विज्ञापनों में शामिल किया गया है। दिल्ली पुलिस के विज्ञापनों में जब छैवले थैले की फोटो प्रकाशित हुई तो कई प्रमुख समाचार पत्रों और टी.वी चैनलों ने थैले के बारे में विस्तृत जानकारी प्रकाशित/ प्रसारित की। सिपाही थैले का कहना है कि मैं काफी गर्वित महसूस कर रही हूँ कि मैं दिल्ली पुलिस जैसे प्रतिष्ठित बल की सदस्य बनी और मुझे इतना सम्मान मिला। थैले की माताजी भी नागालैंड पुलिस में कार्यरत हैं, जबकि भाई भारतीय सेना में हैं और थैले स्वयं भी चाहती थी कि वह पुलिस सेवा में अपना करियर शुरू करे। सिपाही थैले कहती है कि एक कमांडो को हर समय तैयार रहने के साथ बिना हथियार के भी दुश्मन पर टूट पड़ने का जज़्बा होना चाहिए। पूर्वोत्तर राज्यों से भर्ती होने वाली 134 महिला सिपाहियों में से 41 सिपाहियों के दल ने कमांडो का कठोर प्रशिक्षण प्राप्त कर सिद्ध किया है कि आज की महिला किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।



डॉ. श्रीकांत को सकुशल रिहा कराने वाली पुलिस टीम पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित



पुलिस मुख्यालय के मुख्य द्वार पर पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण, जाँच टीम के सदस्य एवं सकुशल रिहा कराये गये डॉ. श्रीकांत

21 जुलाई, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने मैट्रो अस्पताल में कार्यरत डॉ. श्रीकांत को सकुशल रिहा कराने वाली सभी पुलिस टीमों के प्रत्येक सदस्य से व्यक्तिगत मुलाकात कर बधाई देते हुए उनकी अनुकरणीय कार्यशैली की प्रशंसा की। स्मरण दिलाया जाता है कि 6 जुलाई, 2017 की रात प्रीत विहार मैट्रो स्टेशन के नीचे से मैट्रो अस्पताल में कार्यरत डॉ. श्रीकांत का अपहरणकर्ताओं ने ओला कैब में अपहरण कर लिया था और उनकी सकुशल रिहाई के लिए 5 करोड़ की फिरौती मांगी थी। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्वी जिला पुलिस ने कई टीमों का गठन करते हुए डॉ. श्रीकांत को सकुशल रिहा कराने के प्रयास शुरू किये। पुलिस टीमों ने मेरठ, दादरी, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर व उत्तराखंड सहित कई जगहों पर छापेमारी कर तेलंगाना के रहने वाले डॉ. श्रीकांत को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाने का सतत् प्रयास किया। कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कई दिनों तक मेरठ में डेरा डाल कर मामले की निगरानी कर रहे थे। स्वयं पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक भी पुलिस अधिकारियों से मामले की अपडेट लेते हुए उन्हें उचित दिशा–निर्देश दे रहे थे। कई दिनों के अथक प्रयासों के बाद कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों की मेहनत रंग लाई और 19 जुलाई, 2017 को डॉ. श्रीकांत को मेरठ के शताब्दी नगर से चार अपहरणकर्ताओं (प्रमोद, सोहनवीर, अमित कुमार और गोवर्धन) के चंगुल से मुक्त कराया गया। अपहरण की संगीन वारदात के मुख्य षड्यंत्रकर्ता सुशील व अनुज (दोनो सगे भाई) के अलावा विवेक शर्मा को भी बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

बदमाशों के साथ हुई हिंसक मुठभेड़ में अच्छी सूझ–बूझ का परिचय देने वाली पुलिस टीम की प्रशंसा



नई दिल्ली जिला की बहादुर पुलिस टीम पुलिस आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक द्वारा 4 अगस्त, 2017 को थाना–कनाट प्लेस की पुलिस टीम के शिवाजी स्टेडियम बस टर्मिनल के निकट बदमाशों के साथ मुठभेड़ में साहस और समझदारी का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए सम्मानित किया गया। 2 अगस्त, 2017 की रात लगभग 11 बजे पुलिस टीम को सूचना मिली कि शिवाजी स्टेडियम बस टर्मिनल के निकट सरदार भगत सिंह मार्ग पर एक पान वाले की दुकान पर 5/6 व्यक्ति झगड़ रहे हैं। सूचना पाकर पुलिस टीम तुंरत मौके पर पहुंची तो पाया कि कुछ समय पूर्व ही जेल से जमानत पर बाहर आया बदमाश अमन भाटिया अपने साथियों के साथ मिलकर झगड़ा कर रहा है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली थी कि गिरोह के सदस्य एक माह पूर्व कनाट प्लेस में हुई फायरिंग में भी शामिल थे। पुलिस टीम को देखते ही बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया, परंतु पहले से ही चौकन्नी पुलिस टीम ने स्वयं का बचाव करते हुए हवा में फायरिंग की और बदमाशों को धर–दबोचा। पुलिस टीम ने इस संबंध में बिना किसी नुकसान के चार बदमाशों को गिरफ्तार करने में शानदार सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री अजय चौधरी, उपायुक्त पुलिस श्री बी.के.सिंह, अति.उपा. पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद मीणा, एसीपी श्री रमेश कुमार, इंस्पेक्टर पंकज मलिक, एसआई अमित, एएसआई परमिन्दर, हैडकां. राजकुमार, प्रेमचंद, कां. सत्यव्रत व मंजीत** भी उपस्थित थे।

अच्छी कामयाबी

थोड़ी-सी सावधानी व सूझ-बूझ से 17/18 छीना-झपटी की वारदातों में शामिल दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।



थाना अशोक विहार की पुलिस टीम के सदस्यों को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रोत्साहित किया

4 जुलाई, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने उत्तर–पश्चिमी जिला के थाना–अशोक विहार के थानाध्यक्ष– **वीरेन्द्र कादयान, अतिरिक्त–थानाध्यक्ष आर.के.मान, एसआई दिनेश बेनीवाल तथा कां0 मुकेश** को अपने कार्यालय में बुलाकर शाबाशी देते हुए भविष्य में इसी तरह सजगता व निष्ठा के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस पिकेट पर खड़े एसआई दिनेश बेनिवाल व कां0 मुकेश ने एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्धों को आते हुए देखा तो उन्हें रूकने का इशारा किया। मोटरसाइकिल सवार रुकने के बजाय तेजी से भागने लगे। मानसिक–तौर पर पहले से ही सजग दोनों पुलिसकर्मियों ने पूरी स्फूर्ति के साथ भाग कर मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों द्वारा पीछा किये जाने पर मोटरसाइकिल सवार घबरा गये और पीछे बैठा अपराधी नीचे गिर गया। पुलिसकर्मियों द्वारा पकड़े गये युवक से पूछताछ करने पर पता चला कि उन्होंने कई थानों के इलाकों में छीना–झपटी की लगभग 17/18 वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस आयुक्त द्वारा टीम को सम्मानित किये जाने के मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.बी.के.सिंह व संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री राजेश खुराना भी उपस्थित थे।

एयरहोस्टेज छात्रा रिया गौतम के हत्यारे को मुंबई से गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम सम्मानित



सनसनीखेज हत्या की वारदात को सुलझाने वाली पुलिस टीम को पूर्वी परिक्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस आयुक्त ने सम्मानित किया

5 जुलाई, 2017 को मानसरोवर पार्क इलाके में एक युवक 21 वर्षीय एयरहोस्टेज छात्रा रिया गौतम की सरेआम चाकू गोद कर हत्या कर फरार हो गया था। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई इस सनसनीखेज हत्या की वारदात को सुलझाने के लिए शाहदरा जिला पुलिस द्वारा 10 टीमें बनाई गईं थी। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों की कई दिनों की कड़ी मेहनत रंग लाई और हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी युवक आदिल को मुंबई से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई। इस मामले को सुलझाने वाली टीम में एसीपी विचित्र वीर, एसीपी हरेश्वर वी.स्वामी, एसीपी श्री वीपीसिंह, इंस्पेक्टर सी.बी सिंह, इंस्पेक्टर मंजीत तोमर, इंस्पेक्टर हीरा लाल सहित कई तेजतर्राज अधीनस्थ पुलिसकर्मी शामिल थे। 11 जुलाई, 2017 को पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने इस पुलिस टीम के 22 सदस्यों को अपने कार्यालय में बुलाकर लगभग 1.20 लाख रुपये के नगद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री एस.बी.के सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री रवीन्द्र यादव, उपायुक्त पुलिस श्रीमती नूपुर प्रसाद** एवं टीम के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

पुलिस आयुक्त द्वारा रोहिणी इलाके में फायरिंग कर वरिष्ठ नागरिक को लूटने वाले कुख्यात लूटेरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम सम्मानित।



थाना तिलक नगर की पुलिस टीम को भी पुलिस आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शाबाशी दी

4 जुलाई, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पश्चिमी जिला के थाना–तिलक नगर की पुलिस टीम को रोहिणी इलाके में एक बुजुर्ग को गोली मार कर घायल करने वाले कुख्यात बदमाश को उसके नाबालिग साथी सहित गिरफ्तार करने पर पुलिस मुख्यालय में बुलाकर कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलचा, उपायुक्त पुलिस श्री विजय सिंह, एसीपी श्री अल्ताफ पटेल, इंस्पेक्टर शिव कुमार** व टीम में शामिल एएसआई, हैडकां0 व कां0 उपस्थित थे। 3 जुलाई की शाम को इस पुलिस टीम ने थाना के.एन.काटूज मार्ग, थाना–साउथ रोहिणी, थाना–हरी नगर व थाना–तिलक नगर में चोरी व झीना–झपटी की कई वारदातों को अंजाम देने वाले सुशांत व उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। पुलिस टीम ने जॉच–पड़ताल के बाद अभियुक्तों से चोरी का सामान खरीदने वाले एक सुनार को भी जहांगीर पुरी इलाके से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

24 घंटे के अंदर हत्या की सनसनीखेज वारदात को सुलझाने वाली पुलिस टीम को पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शाबाशी दी।



थाना अमर कॉलोनी इलाके में बुजुर्ग महिला की हत्या की वारदात सुलझाने वाली टीम, पुलिस आयुक्त एवं जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण

13 जुलाई, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने दक्षिणी–पूर्वी जिला की एक पुलिस टीम को थाना–अमर कॉलोनी में हुई एक सनसनीखेज हत्या की वारदात को 24 घंटे में सुलझाने पर शाबाशी दी। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आर.पी. उपाध्याय, उपायुक्त पुलिस श्री रोमिला बानिया, अति0 उपा0पुलिस श्री एम. हर्षवर्धन, एसीपी श्री सतीश केन, एसीपी श्री के.पी. सिंह, इस्पेक्टर लव अत्रे, इंस्पेक्टर राजेन्द्र, थानाध्यक्ष– कालकाजी श्री वेद प्रकाश, इंस्पेक्टर शिवराज बिष्ट, इंस्पेक्टर उदयवीर, इंस्पेक्टर संजय भारद्वाज, इंस्पेक्टर राजपाल, एसआई कमल सिंह व एसआई अजीत** सहित टीम में शामिल हैडकां0 व कांस्टेबल भी उपस्थित थे। 11 जुलाई, 2017 को अमर कॉलोनी इलाके में कुछ दिन पूर्व ही बिना पुलिस सत्यापन के (घरेलू सहायक) के तौर पर रखे नौकर ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर में मौजूद बुजुर्ग महिला की हत्या कर घर से लगभग 20 लाख रुपये मूल्य के सोने–चांदी व हीरे के जेवरात व 3 लाख रुपये नगद लूट लिया था। घटना के तत्काल बाद तत्कालीन थानाध्यक्ष अमर कॉलोनी के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने बिना समय गवाये इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से मुख्य आरोपी को गांव अट्टा, नोएडा से गिरफ्तार करने में शानदार सफलता अर्जित की।

अच्छी तफ्तीश

मोती नगर इलाके से बदमाश का पीछा करते हुए उसे रोहिणी इलाके में जाकर दबोचने वाले कां. सुनील कुमार के साहस को पुलिस आयुक्त ने सराहा



कई किलोमीटर पीछा कर बदमाश को दबोचने वाले पुलिसकर्मियों को शाबाशी देते हुए पुलिस आयुक्त

22 अगस्त, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पश्चिमी जिला के थाना मोती नगर में तैनात कां. सुनील कुमार व थानाध्यक्ष श्री मनमोहन को पुलिस मुख्यालय में बुलाकर सम्मानित किया। जुलाई माह में कां. सुनील कुमार एक होमगार्ड सिपाही के साथ इलाके में गश्त कर रहा था कि उसने एक मोटरसाइकिल सवार को संदिग्ध हालात में जाते हुए देखा तो उसे रूकने का इशारा किया। मोटरसाइकिल सवार ने मौके पर रूकने के बजाये तीव्र गति से फरार होने का प्रयास किया। कां0 सुनील कुमार ने भी अपनी मोटरसाइकिल से बदमाश का पीछा किया और पीरागढ़ी व मंगोलपुरी इलाके से होते हुए इस बदमाश को रोहिणी साउथ के इलाके में जाकर धर–दबोचा। मौके पर ली गई तलाशी के दौरान इस बदमाश के कब्जे से भरी हुई पिस्टल और 5 जिंदा राउंड मिले। पीछा करने के दौरान कां0 सुनील कुमार ने अपने मोती नगर थाने में घटना की जानकारी भी दी। थानाध्यक्ष मनमोहन ने सुनील कुमार की मदद के लिए दूसरी टीम को भेजा और स्वयं भी मौके पर पहुंचे। पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित किये जाने के मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलचा व उपायुक्त पुलिस श्री विजय सिंह भी उपस्थित थे।

आपात प्रत्युत्तर वाहन (ईआरवी) पर तैनात टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बदमाश को दबोचा – पुलिस आयुक्त ने सम्मानित किया



समय पर उचित निर्णय लेने वाली पुलिस टीम को पुलिस आयुक्त ने सम्मानित किया

21 अगस्त की देर रात बाहरी जिला के प्रेम नगर इलाके में तीन बदमाशों ने मनोज राठौर नामक व्यक्ति से उसकी मोटरसाइकिल लूट ली। इसकी सूचना मिलने पर थाना अमन विहार इलाके में खड़ी ई.आर.वी. (इमरजेंसी रिस्पॉस व्हीकल) ने बदमाशों का पीछा किया। एएसआई जयपाल व कां0 सोनू वैन से बदमाशों को पीछा कर रहे थे कि अंधेरे का लाभ उठाकर दो बदमाश मोटरसाइकिल से उतर कर भाग गये और एक बदमाश मोटरसाइकिल लेकर दूसरी तरफ भाग गया। दोनों पुलिसकर्मियों द्वारा लगातार पीछा किये जाने पर यह बदमाश लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर जाकर एक गली में फंस गया। पुलिसकर्मियों के दबाव में यह बदमाश मोटरसाइकिल को मौके पर छोड़ कर एक मकान की छत पर चढ़ गया और लगातार पुलिसकर्मियों द्वारा पीछा किये जाने से घबराकर दूसरे मकान की छत पर कूद गया। दूसरे मकान की छत सीमेंट की चादर वाली होने की वजह से टूट गई और बदमाश नीचे जा गिरा। पुलिसकर्मी भी स्फूर्ति और सावधानी के साथ छत से उतरे और बदमाश को काबू किया। पुलिस टीम दोनों फरार बदमाशों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। 22 अगस्त को जब पुलिस आयुक्त द्वारा एएसआई जयपाल व कां0 सोनू को सम्मानित किया जा रहा था तो उस समय विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी. कामराज, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोचला, उपायुक्त पुलिस श्री एम. एन.तिवारी व थानाध्यक्ष अमन विहार श्री हरेन्द्र भी मौजूद थे।

हथियारबंद कार लूटेरों को पकड़ने में आपसी तालमेल दिखाने वाली पुलिस टीमों को पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित किया गया



दक्षिण-पश्चिमी जिला एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम को उनके साहस व निर्भीकता के लिये पुलिस आयुक्त ने शाबाशी दी

22 अगस्त, 2017 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने दक्षिण–पश्चिमी जिला व यातायात पुलिस की टीमों द्वारा आपसी तालमेल व तत्परता दिखाते हुए दो हथियारबंद कार लूटेरों को गिरफ्तार करने पर शाबाशी देते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री सतीश गोलचा, उपायुक्त पुलिस दक्षिण–पश्चिमी जिला श्री शिबेश सिंह, अति.उपा. पुलिस श्री गौरव शर्मा, एसीपी श्री राजेन्द्र सिंह, इंस्पेक्टर एटीएस राजकुमार, ट्रैफिक इंस्पेक्टर सुधीर गुलिया, एएसआई छगन लाल, हैडकां0 जुगुल किशोर, कां0 अजय व टीम में शामिल अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे। 1 अगस्त, 2017 को गांव धनवापुर, जिला गुडगांव, हरियाणा निवासी श्री अमन दहिया अपनी स्विफ्ट कार से गुडगांव की तरफ जा रहे थे कि द्वारका साउथ थाना क्षेत्र में दो हथियारबंद बदमाशों ने उनकी कार लूट ली। इस संबंध में थाना द्वारका साउथ में मामला दर्ज कराया गया था। 21 अगस्त को श्री अमन दहिया के दो दोस्तों ने द्वारका इलाके में लूटी गई कार को एक लाल बत्ती पर खड़े देखा, तो उन्होंने तुरंत ट्रैफिक प्वांइट पर खड़े एएसआई छगन लाल, हैडकां0 जुगल किशोर व कां0 अजय को बताया। तीनों पुलिसकर्मी तत्काल लाल बत्ती पर खड़ी कार के पास गये और उसमें सवार बदमाशों से पूछताछ की। कां0 अजय ने कार के डैशबोर्ड में रखी बदमाशों की पिस्टल बाहर निकाल ली। एक बदमाश ने पिस्टल निकाल कर कां0 अजय पर तान दी। कां0 अजय ने भी पूरी निर्भीकता के साथ बदमाश पर उन्हीं की डैशबोर्ड से निकाली गई पिस्टल तान दी। कुछ क्षण के लिए तो कुछ भी घटित होने की संभावना उत्पन्न हो गई। दोनों बदमाश कार से उतर कर निकट की सोसाइटी में घुस गये। बदमाशों के सोसाइटी में घुस जाने पर सनसनी फैल गई और कुछ देर के लिए आतंक का माहौल बन गया। इसी बीच सूचना पाकर एटीएस और लोकल पुलिस की टीमें भी मौके पर पहुंच गई और विकास लंगरपुरिया गिरोह के एक कुख्यात बदमाश चेतन बाक्सर (26) को सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल सहित दबोच लिया, जबकि दूसरा बदमाश दीवार फांद कर भाग गया। पुलिस टीम ने बाद में उसे भी धर–दबोचा। चेतन बाक्सर हत्या, हत्या के प्रयास व लूटपाट सहित कई संगीन वारदातों में वांछित था। कां0 अजय के इस साहस और अच्छी सूझबूझ के लिए बारी से पहले तरक्की दिये जाने की संस्तुति की गई है।

शुभकामनाएँ

माह मई–जून, 2017 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/ईकाईयों से 202 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें से 16 पुलिसकर्मियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। दिल्ली पुलिस परिवार सेवानिवृत्त होने वाले सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता है। **मई माह में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी**:– एसआई विजयपाल व एमटीएस राजेन्द्र सिंह (मुख्यालय), एसआई जगपाल सिंह, एसआई जीत सिंह व महिला एसआई राजबाला (रोहिणी जिला), एसआई शिशुपाल सिंह दहिया (राष्ट्रपति भवन), एसआई कुलदीप सिंह, एसआई गिरधारी सिंह, एसआई जगदीश प्रसाद, एसआई विक्रम सिंह,एसआई रतन कुमार, एएसआई धर्मबीर सिंह (एफआरआरओ), एसआई प्रेम सिंह, एएसआई धनसिंह, एएसआई सुरेशचंद, एएसआई राजकुमार, हैडकां0 भीम सिंह (पीएंडएल), एसआई ओमप्रकाश (चतुर्थ वाहिनी), एसआई उमा शंकर (स्पेशल सेल), एसआई देवी सिंह व एसआई बाबूलाल (स्पेशल ब्रांच), इंस्पेक्टर अनिल सोमवंशी, एसआई प्रकाश चन्दर व एसआई कैलाश कुमार (मध्य जिला), इंस्पेक्टर राजकुमार, एसआई राजवीर सिंह (पीसीआर) एसआई राकेश सिंह, एसआई मंगत राम, एसआई राजन पी.डी, एसआई रामनिवास एसआई सुरेश कुमार, एसआई देवेन्द्र सिंह, एएसआई संतोष राज, एएसआई रणबीर सिंह, एएसआई सत्यवीर सिंह, एएसआई रमेशचंद, एएसआई राजेन्द्र सिंह, एएसआई चरणजीत सिंह, एएसआई राजकपूर एएसआई बलवान सिंह, एएसआई प्रसन्न कुमार, एएसआई सविन्दर सिंह व कां0 जसवंत सिंह (पीसीआर), एसआई मालवेद फतेह सिंह, एसआई सुखचैन सिंह व एमटीएस प्रेम सिंह (नई दिल्ली जिला), इंस्पेक्टर विनित भारद्वाज, एसआई सुरेश कुमार, एसआई सतीश कुमार, एएसआई आनंद सिंह व एएसआई ओमप्रकाश (पीटीसी), एसआई हरीशचंद, एसआई जीत राम, एसआई भीम सिंह, एसआई जगदीश (ट्रैफिक), एसआई रमेश कमार, एसआई भूप सिंह, एसआई जयभगवान, एसआई ओमप्रकाश, एसआई राजेन्द्र सिंह, एसआई गोपाल लाल शर्मा, एसआई जीत राम, एसआई लक्ष्मीदत्त, एएसआई अशोक कुमार, एएसआई बीर सिंह, एएसआई कृष्ण कुमार, एएसआई मोहिन्द्र सिंह, एएसआई हरबीर सिंह (सुरक्षा), एसआई जयसिंह, एसआई रणबीर सिंह, एसआई दयाकिशन व एएसआई ओमप्रकाश (पश्चिमी जिला) एएसआई रहीश एम.आर, (संचार शाखा), कुक राममेहर (दक्षिण–पूर्वी जिला), एसआई जोगेन्द्र सिंह, एएसआई अशोक कुमार, हैडकां0 ध्रुव कुमार शर्मा (प्रथम वाहिनी), एसआई बनी सिंह व एएसआई जयपाल सिंह (उत्तरी–पूर्वी जिला), एसआई कालीचरण, एसआई राजपाल व एसआई कल्लूखान (शाहदरा जिला) एसआई सुधीर लाकड़ा (सातवीं वाहिनी), एसआई जोगेन्द्र सिंह व एएसआई श्री नागेश (उत्तरी जिला), एसआई सुरेश चंद (द्वितीय वाहिनी), इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार शर्मा (सतर्कता शाखा) एसआई ईलम सिंह (तृतीय वाहिनी), एसआई राजपाल सिंह (अपराध शाखा), एसआई महेन्द्र सिंह (बाहरी जिला), एसआई सुरेशपाल व एसआई बलवंत भाई (आठवीं वाहिनी)। **जून माह में सेवानिवृत्त पुलिसकमी** :– इंस्पेक्टर इन्दर सिंह व इंस्पेक्टर गरूचरण दास गुप्ता (मुख्यालय) इंस्पेक्टर राजपाल सिंह, एसआई वेदप्रकाश, एसआई रामकुमार व एसआई महेन्द्र सिंह, (एफआरआरओ), एएसआई नाथू सिंह व महिला हैडकां0 पिंकी त्यागी (शाहदरा जिला), एसआई सुदेश पाल, एसआई श्याम सुन्दर, एएसआई जयसिंह (दक्षिणी–पश्चिमी जिला), इंस्पेक्टर ओमप्रकाश, एमटीएस माया देवी, महिला एसआई उर्मिला देवी (रोहिणी जिला), इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह, एसआई प्रताप सिंह व एएसआई सतीश कुमार (दक्षिणी जिला), एएसआई सोहन लाल व कां0 ओमप्रकाश (तृतीय वाहिनी), एसआई अताउल्लाखान एसआई ईश्वर सिंह, (ट्रैफिक), एसआई महेन्द्र कुमार व एसआई ओमप्रकाश (बाहरी जिला), एसआई गोपाल दत्त (स्पेशल सेल) एसआई हरीप्रकाश (स्पेशल ब्रांच), एसआई भोपाल सिंह, एएसआई मोहम्मद अनीस, एसआई हवा सिंह व एएसआई रंघावा सिंह (नई दिल्ली जिला) एसआई इन्दरराज सिंह, एसआई रणधीर सिंह, एसआई सुरेश पाल, एएसआई राजेन्द्र सिंह, एएसआई शिवचरण व हैडकां0 गजेन्द्र सिंह (मध्य जिला), एसआई विजय कुमार ,एमटीएस श्रीराम (प्रथम वाहिनी), एसआई सुरेन्द्रपाल व एसआई रघुनाथ सिंह (उत्तर–पूर्वी जिला) एमटीएस अशोक कुमार (आईजीआईएयरपोर्ट), इंस्पेक्टर जोगेन्द सिंह, एसआई ऋषि प्रकाश व एएसआई वेदपाल (पश्चिमी जिला), एसआई हंसराज (लाइसेंसिंग शाखा), एसआई धर्मबीर सिंह, एसआई नसरूद्दीन, एसआई मोहिन्दर सिंह, एसआई अब्दुल माजिद खान, एएसआई जयकरण किशन, एएसआई उदय सिंह, एएसआई धर्मपाल, एएसआई बलवान सिंह, एएसआई आनंदपाल, एएसआई बलजीत सिंह, एएसआई राजबीर सिंह, एएसआई राजबीर सिंह, एसआई राजेन्द्र प्रसाद, एएसआई शिवकुमार व हैडकां0 रामधारी (पीसीआर), एसआई श्रीनिवास सिंह, एसआई सुरेश कादयान, एएसआई राजेन्द्र सिंह, एएसआई गुलाब सिंह व एमटीएस कृष्णा कंवर (पीटीसी), इंस्पेक्टर सूरज भान, एसआई कुलदीप सिंह, एसआई उम्मेद सिंह, एएसआई सुरेन्द्र कुमार व एएसआई हरीप्रकाश (उत्तर पश्चिमी जिला), एसआई सतीश चन्दर शर्मा व हैडकां व इन्दर सेन, (दक्षिण–पश्चिमी जिला), इंस्पेक्टर सत्यपाल सिंह व एसआई रमेश यादव व एसआई कृष्ण लाल (संचार शाखा), एसआई ऋषिपाल, एसआई रामफल, एएसआई जसवंत सिंह व एएसआई सुरेन्द्र कुमार (पूर्वी जिला), एसआई रणबीर सिंह व एमटीएस रामबाबू (पीएंडएल), एसआई रामचन्दर, एसआई जय मशी ऑरान, एसआई दिनेश कुमार, एसआई कृष्ण कुमार, एसआई विजेन्द्र सिंह, एसआई प्रकाश चंद, एएसआई इन्दर सिंह व एएसआई राजेन्द्र कुमार (सुरक्षा शाखा) एसआई ऋषिपाल व महिला एएसआई ज्ञानवती (उत्तरी जिला), एसआई सोहन लाल, एसआई प्रेम सिंह व एएसआई मोहम्मद शेर असलम (सातवीं वाहिनी) तथा एएसआई रामश्री व हैडकां श्री रामनिवास (छठी वाहिनी)।

श्रद्धांजलि

माह जून व जुलाई, 2017 के दौरान दिल्ली पुलिस के 33 पुलिसकर्मियों की सेवाकाल के दौरान विभिन्न कारणों से असमय मृत्यु हो गई। असमय बिछुड़ गये अपने इन साथियों को दिल्ली पुलिस परिवार अपनी भाव–भीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनके आश्रितों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता है। **जून माह में दिवंगत पुलिसकर्मी** :– महिला एसआई मोहिनी देवी (शाहदरा जिला) हैडकां0 हरभगवान सिंह (रोहिणी), एएसआई सुखबीर सिंह (दक्षिण–पश्चिमी जिला), हैडकां0 धर्मबीर सिंह व एमटीएम धर्मबीर सिंह (पश्चिमी जिला), हैडकां0 श्याम सुन्दर (पूर्वी जिला), एएसआई विनोद सिंह, एएसआई भूप सिंह व महिला कां0 समुन देवी (पीसीआर), हैडकां0 सत्यवीर सिंह व हैडकां0 कवंल सिंह (दक्षिण–पूर्वी जिला), हैडकां0 अशोक भाटिया, कां0 विक्रम सिंह, कां0 होशियार सिंह व कां0 रोहताश सिंह (तृतीय वाहिनी), तथा एएसआई हुक्म सिंह व महिला कां0 रमा देवी (दक्षिणी जिला)। **जुलाई माह में दिवंगत पुलिसकर्मी**:– इंस्पेक्टर अब्दुल वाहिद (संचार शाखा), एसआई परमजीत सिंह (सुरक्षा), एएसआई अब्बास रजा व एएसआई रंजीत सिंह (पीएंडएल), हैडकां0 रमेन्द्र (रोहिणी जिला), एएसआई मनीराम व हैडकां0 दुर्वेश उपाध्याय (पीसीआर), एएसआई सुन्दर कुमार (डीईसेल), आशीष लाकरा (दक्षिण– पश्चिमी जिला), एमटीएस फकीर चंद (तृतीय वाहिनी), एएसआई राजू लाल व कां0 सहीराम यादव (नई दिल्ली जिला), एएसआई कंवल सिंह (मध्य जिला), एएसआई प्रेम सिंह (बाहरी जिला) तथा महिला हैडकां0 सुनीता देवी (उत्तरी जिला)।

31 जुलाई, 2017 को सेवा निवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण



संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री अशोक कुमार सिंह (पी एंड आई)

फोटो : रोजस जोसफ



एसीपी श्री राधा रमण (पूर्वी जिला)



एसीपी श्री समय सिंह (सुरक्षा)



अति. उपायुक्त पुलिस श्री जलधारी मीणा (पीटीसी)



एसीपी श्री सुंदर लाल (तृतीय वाहिनी)



एसीपी श्री उमेश सिंह (बाहरी जिला)



एसीपी श्री सुरेश कुमार डबास (सुरक्षा)

31 अगस्त , 2017 को सेवानिवृत्त

हार्दिक शुभकामनाएँ

दिल्ली पुलिस परिवार माह जुलाई व अगस्त 2017 के दौरान सेवा निवृत्त हुए सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों की दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है।



एसीपी श्री नंदकिशोर मीणा (अपराध)



एसीपी श्री मदन गोपाल (यातायात)



सम्पादक

सम्पादक : श्री राजीव रंजन, उपायुक्त पुलिस (पुलिस आयुक्त के स्टाफ ऑफिसर)

सह-सम्पादक : निरीक्षक सतबीर सिंह, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली।



सह-सम्पादक